# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 30.10.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर", अमर उजाला,दैनिक जागरण,आज,न्यायाधीश,जनसन्देश टाइम्स ,परफेक्ट मिशन,तरुण मित्र,," समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 30.10.2025

बुधवार को वीडीए के सभागार में मंडलायुक्त एस राजलिंगम की अध्यक्षता में एक समारोह हुआ। वीडीए में नए उपाध्यक्ष पूर्ण बोरा के कार्यभार पर स्वागत किया गया। निवर्तमान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को विदाई दी गई। वीडीए के 51 वें उपाध्यक्ष के रूप में पूर्ण बोरा ने कार्यभार ग्रहण किया। 2018 बैच के आईएएस पूर्ण बोरा का जन्म 01 मई 1989 को असम में हुआ। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक की उपाधि प्राप्त की है। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने जनपद कुशीनगर में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में 07 अगस्त 2020 को पदभार ग्रहण किया। इसके बाद 28 जून 2022 को उन्हें जनपद बिजनौर में सीडीओ के पद पर तैनात किया गया।

मंडलायुक्त ने दोनों अधिकारियों को पुष्पगुच्छ दिया। निवर्तमान उपाध्यक्ष ने अपने कार्यकाल के दौरान प्राधिकरण के विकास कार्यों के सफल निष्पादन में प्रदान किए गए मार्गदर्शन, कार्यकशलता एवं समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया।

## हिन्दुस्तान –दि0 30.10.2025

### वीडीए के नए वीसी ने संभाला कार्यभार

वाराणसी। वीडीए के नवागत उपाध्यक्ष पूर्ण वोहरा ने बुधवार को कार्यभार ग्रहण कर लिया। मंडलायुक्त और प्राधिकरण अध्यक्ष एस.राजलिंगम ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। इसके बाद प्राधिकरण सभागार में उनके स्वागत में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

वीडीए के 51वें उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का परिचय प्राप्त किया। बता दें कि पूर्ण वोहरा का जन्म एक मई 1989 को असम में हुआ। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक की उपाधि प्राप्त की है। 2018 बैच के आईएएस अफसर वोहरा को प्रशिक्षण के बाद कुशीनगर में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में 7 अगस्त 2020 को तैनाती मिली। इसके बाद 28 जून 2022 को उन्हें बिजनौर में सीडीओ के पद पर तैनात किया गया।



वीडीए के नए उपाध्यक्ष पूर्ण वोहरा का स्वागत करते कमिश्नर एस.राजलिंगम।

### पुलकित गर्ग को विदाई

वाराणसी। वीडीए के निवर्तमान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को अफसरों और कर्मचारियों ने बुधवार को विदाई दी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान प्राधिकरण के विकास कार्यों के सफल निष्पादन में मार्गदर्शन, कार्यकुशलता एवं समर्पण के लिए सभी का आभार जताया। विदाई समारोह की अध्यक्षता मंडलायुक्त और वीडीए अध्यक्ष एस. राजलिंगम ने की। इस अवसर पर सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव डॉ. गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार ने उन्हें सम्मानित किया।

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## दैनिक जागरण –दि0 30.10.2025

# नवागत सीडीओ ने कार्यभार संभाला

... वीडीए उपाध्यक्ष पूर्ण वोहरा ने एक साथ कालभैरव मंदिर व बाबा विश्वनाथ दरबार पहुंचकर मत्था टेका। इसके बाद पूरे दिन विभिन्न बैठकों में शामिल हुए।

**आइएएस पूर्ण वोहरा ने संभाला वीडीए उपाध्यक्ष का कार्यभार**: वाराणसी : आइएएस अधिकारी पूर्ण वोहरा की वीडीए उपाध्यक्ष के रूप में तैनाती हुई है। मंडलायुक्त व वीडीए अध्यक्ष एस राजलिंगम की अध्यक्षता में विकास प्राधिकरण सभागार में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्ष एस राजलिंगम ने उन्हें पदभार ग्रहण करवाया। वह प्राधिकरण के 51वें उपाध्यक्ष होंगे। इसके बाद उन्होंने समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। 2018 बैच के आइएएस पूर्ण वोहरा ने इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बीटेक की उपाधि प्राप्त की है।

## आज –दि0 30.10.2025

# पूर्णवोराने उपाध्यक्षका पदभार किया ग्रहण

मण्डलायुक्त और अध्यक्ष वीडीए के एस.राजलिंगमकी अध्यक्षतामें बुधवारको नये उपाध्यक्ष विप्रा पूर्णवोराको



पदभार ग्रहण कराया गया। इससे पूर्व वे बिजनौरमें मुख्य विकास अधिकारीके रूपमें तैनात थे। उनका पदभार ग्रहण विप्रा अध्यक्षने कराया। इस प्रकार वह वाराणसी विकाश प्राधिकरणके ५१वें उपाध्यक्षके रूपमें पदभार ग्रहण किया। आप २०१८ बैचके आईएएस हैं और एक मई, १९८९ को असममें हुआ। इन्होंने इलेक्ट्रानिक और कम्युनिकेशन इंजीनियरिंगमें बी.टेककी उपाधि प्राप्ति की। प्रशिक्षणके बाद कुशीनगरमें इनकी पहली पोस्टिंग संयुक्त मजिस्ट्रेटके रूपमें सात अगस्त, २०२० को हुई थी। फिर २८ जून, २०२२ को आप मुख्य विकास अधिकारी पदपर तैनात हुए। इस प्रकार तीसरी जगह इनका तबादला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तौरपर वाराणसीमें किया गया। उन्होंने अपना पदभार ग्रहण अध्यक्ष एवं मण्डलायुक्तसे किया। जिसके बाद विभागीय अफसरोंसे परिचय प्राप्त करनेके बाद बैठक की।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


आज–दि0 30.10.2025

## विप्रा उपाध्यक्ष की हुई भावभीनी विदाई

मण्डलायुक्त एवं विकास प्राधिकरणके अध्यक्ष एस.राजलिंगनकी अध्यक्षतामें पुलकित गर्गका आज विदायी समारोह आयोजित किया गया। इस अवसरपर प्राधिकरणके अधिकारी और कर्मचारियोंने निवर्तमान उपाध्यक्षकी तारीफ करते हुए कहा कि उनके कार्यकालमें विकास कार्योंका निष्पादन किया गया और जिसमें उनका मार्गदर्शन प्रमुख रहा। इनके कार्यकुशलताके कारण अधिकारी और कर्मचारी निडर होकर कार्य करते थे। इस अवसरपर निवर्तमान उपाध्यक्षने कार्यकी सफलताके लिए कर्मचारियों और अधिकारियोंके सहयोगकी तारीफ की। कार्यक्रममें विशेष तौरपर सचिव डॉक्टर वेदप्रकाश मिश्र, अपर सचिव डॉक्टर गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमारने उनको बधाई देते हुए नयी जिम्मेदारियोंके लिए शुभकामनाएं दी।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

## जनसंदेश टाइम्स –दि0 30.10.2025

# पूर्ण बोरा ने संभाला वीडीए उपाध्यक्ष का कार्यभार

**लिया चार्ज**

**निवर्तमान उपाध्यक्ष गर्ग को दी गई विदाई**



**वाराणसी।** पूर्ण बोरा बुधवार को काशी पहुंचे। जहां वीडीए उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाल लिया,वही निवर्तमान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग की विदाई की गई। इस दौरान नवागत उपाध्यक्ष ने विभाग के अधिकारियों का परिचय जाना और लोगों से बात की। जबकि निवर्तमान उपाध्यक्ष के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें विदाई दी गई। मण्डलायुक्त/ अध्यक्ष वीडीए एस राजलिंगम की अध्यक्षता में वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में आयोजित स्वागत समारोह में बिजनौर में बतौर मुख्य विकास अधिकारी तैनात रहे पूर्ण बोरा ने वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष का कार्यभार ग्रहण किया। मण्डलायुक्त/अध्यक्ष वी0डी0ए0 एस० राजलिंगम ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। वीडीए के 51वें उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवीन उपाध्यक्ष द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। सन् 2018 बैच के आईएएस रहे पूर्ण बोरा का जन्म 01 मई 1989 को असम में हुआ। उन्होंने इलेक्ट्रानिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक की उपाधि प्राप्त की है। प्रशिक्षण के उपरांत बोरा ने जंनपद कुशीनगर में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में 07 अगस्त 2020 को पदभार ग्रहण किया था तत्पश्चात दिनांक 28 जून 2022 को उन्हें जनपंद बिजनौर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात किया गया। जहां उन्होंने उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता एवं विकास कार्यों के प्रति समर्पण का परिचय दिया।

इस अवसर पर वीडीए सचिव डा. वेद प्रकाश मिश्र, अपर सचिव डा. गुडकेश शर्मा नगर नियोजन प्रभात कुमार सहित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जनसंदेश टाइम्स –दि0 30.10.2025

# भवनों के बेसमेंट के गलत उपयोग पर वीडीए सख्त

**वाराणसी।** शहर में भवनों के बेसमेंट को अन्य कार्यो में उपयोग पर वीडीए इन दिनों सख्त हैं। विभाग की टीम कई क्षेत्रों में पहुंची और भवनों की जहां जांच की,वही भवनस्वामी को नोटिस जारी कर जबाब मांगा। इसको लेंकर वीडीए की टीम बुधवार को कई जगहो पर अभियान चलाया। जहां बेसमेंट का गलत उपयोग किए जाने पर कारवाई की। वीडीए सचिव डा. वेदप्रकाश मिश्र ने बताया कि शुद्धिपुर स्थित पूर्व निर्मित भवन में डायग्नोस्टिक सेन्टर का संचालन किया जा रहा है और बेसमेन्ट में मरिजों को बैठने के लिए कुर्सिया लगाई गई है। जिसको लेकर निर्माण की वैधता प्रस्तुत करने हेतु निर्माणकर्ता को नोटिस देते हुए बेसमेन्ट खाली करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार गिलट बाजार में पूर्व निर्मित भवन में शो-रूम का संचालन किया जा रहा है और बेसमेन्ट का प्रयोग स्टोर और पार्किंग हेतु किया जा रहा हैं। जबकि अर्दली बाजार में पूर्व निर्मित भवन के बेसमेन्ट में मेडिकल स्टोर का संचालन हो रहा है। पियरिया पोखरा तेलियाबाग में पूर्व निर्मित भवन के बेसमेन्ट में सीड़ी की दुकान का संचालन किया जा रहा है। इन सभी निर्माणकर्ताओ को निर्माण की वैधता प्रस्तुत करने हेतु जहां नोटिस दिया गया है,वही भवनस्वामी को बेसमेन्ट खाली कराने का निर्देश दिया।

## न्यायाधीश –दि0 30.10.2025

### वाविप्रा के निवर्तमान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग का विदाई समारोह आयोजित



वाराणसी |वाविप्रा सभागार में मण्डलायुक्त/ अध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में 29/10/2025 को प्राधिकरण के निवर्तमान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग (आई0ए0एस0-2016) के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।यह समारोह वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें निवर्तमान उपाध्यक्ष श्री पुलकित गर्ग द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान प्राधिकरण के विकास कार्यों के सफल निष्पादन में प्रदान किए गए मार्गदर्शन, कार्यकुशलता एवं समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम में सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार द्वारा श्री पुलकित गर्ग को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।इस अवसर पर वाराणसी विकास प्राधिकरण के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश –दि0 30.10.2025

### पूर्ण बोरा, आईएएस-2018 ने संभाला उपाध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण का कार्यभार

वाराणसी |मण्डलायुक्त/ अध्यक्ष वी0डी0ए0 एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में 29/10/2025 को वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिजनौर में बतौर मुख्य विकास अधिकारी तैनात श्री पूर्ण बोरा (आईएएस-2018)ङ ने वाराणसी में उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण का कार्यभार ग्रहण किया। मण्डलायुक्त/अध्यक्ष वी0डी0ए0 श्री एस0 राजलिंगम द्वारा उन्हें पदभार ग्रहण करवाया गया। वाराणसी विकास प्राधिकरण के ङ51वें उपाध्यक्षङ के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवीन उपाध्यक्ष द्वारा समस्त अधिकारियो एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त



किया गया।2018 बैच के आईएएस श्री पूर्ण बोरा का जन्म 01 मई 1989 को असम में हुआ। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक की उपाधि प्राप्त की है।प्रशिक्षण के उपरांत श्री बोरा ने जनपद कुशीनगर में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में 07 अगस्त 2020 को पदभार ग्रहण किया। तत्पश्चात दिनांक 28 जून 2022 को उन्हें जनपद बिजनौर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात किया गया, जहाँ उन्होंने उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता एवं विकास कार्यों के प्रति समर्पण का परिचय दिया।

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## परफेक्ट मिशन –दि0 30.10.2025

# पूर्ण बोरा ने वीडीए उपाध्यक्ष का कार्यभार संभाला

परफेक्ट मिशन

वाराणसी। मण्डलायुक्त/ अध्यक्ष वी0डी0ए0 एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में बुधवार को स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। बिजनौर में बतौर मुख्य विकास अधिकारी तैनात पूर्ण बोरा (आईएएस-2018) ने वाराणसी में उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण का कार्यभार ग्रहण किया।मण्डलायुक्त/ अध्यक्ष वी0डी0ए0 एस0 राजलिंगम द्वारा उन्हें पदभार ग्रहण करवाया गया। वाराणसी विकास प्राधिकरण के 51वें उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवीन उपाध्यक्ष द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया गया।2018 बैच के



आईएएस पूर्ण बोरा का जन्म 01 मई 1989 को असम में हुआ।

उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक की उपाधि प्राप्त की है। प्रशिक्षण के उपरांत बोरा ने जनपद कुशीनगर में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में 07 अगस्त 2020 को पदभार ग्रहण किया। तत्पश्चात दिनांक 28 जून 2022 को उन्हें जनपद बिजनौर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात किया गया, जहाँ उन्होंने उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता एवं विकास कार्यों के प्रति समर्पण का परिचय दिया।

## निवर्तमान वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग को दी गई विदाई



वाराणसी। वाराणसी विकास प्राधिकरण सभागार में मण्डलायुक्त/अध्यक्ष वाराणसी विकास प्राधिकरण एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में प्राधिकरण के निवर्तमान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग (आई0ए0एस0-2016) के विदाई समारोह का आयोजन किया गया।यह समारोह वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें निवर्तमान उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग द्वारा अपने कार्यकाल के दौरान प्राधिकरण के विकास कार्यों के सफल निष्पादन में प्रदान किए गए मार्गदर्शन, कार्यकुशलता एवं समर्पण के लिए आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में सचिव डॉ वेद प्रकाश मिश्रा, अपर सचिव डॉ गुडाकेश शर्मा, नगर नियोजक प्रभात कुमार द्वारा पुलकित गर्ग को सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर वाराणसी विकास प्राधिकरण के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## तरूण मित्र –दि0 30.10.2025

# नवागत वीडीए वीसी पूर्ण बोरा ने कार्यभार संभाला

तरुणमित्र न्यूज

वाराणसी। मण्डलायुक्त/ अध्यक्ष वीडीए एस0 राजलिंगम की अध्यक्षता में बुधवार को वाराणसी विकास प्राधिकरण के सभागार में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गयाबिजनौर में बतौर मुख्य विकास अधिकारी तैनात पूर्ण बोरा (आईएएस-2018) ने वाराणसी में उपाध्यक्ष, वाराणसी विकास प्राधिकरण का कार्यभार ग्रहण किया। मण्डलायुक्त/अध्यक्ष वीडीए एस0 People's द्वारा उन्हें पदभार ग्रहण करवाया गया।

वाराणसी विकास प्राधिकरण के 51वें उपाध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के उपरान्त नवीन उपाध्यक्ष द्वारा समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से



मण्डलायुक्त एस राजलिंगम नवागत वीडीए वीसी पूर्ण बोरा को कार्यभार ग्रहण करवाते हुए। इस दौरान वर्तमान वीसी पुलकित गर्ग, सचिव डा. वेद प्रकाश, अपर सचिव डा. गुडाकेश शर्मा, वीडीए सदस्य अमरीश सिंह भोला सहित अन्य रहे मौजूद

परिचय प्राप्त किया गया।2018 बैच के आईएएस श्री पूर्ण बोरा का जन्म 01 मई 1989 को असम में हुआ। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग में बी.टेक की उपाधि प्राप्त की है।

प्रशिक्षण के उपरांत पूर्ण बोरा ने जनपद कुशीनगर में संयुक्त मजिस्ट्रेट के रूप में 07 अगस्त 2020 को पदभार ग्रहण किया। तत्पश्चात 28 जून 2022 को उन्हें जनपद बिजनौर में मुख्य विकास अधिकारी के पद पर तैनात किया गया, जहाँ उन्होंने उत्कृष्ट प्रशासनिक दक्षता एवं विकास कार्यों के प्रति समर्पण का परिचय दिया।